# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिंदी

Chapter : 12

Chapter Name : कंचा

Q1. कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है?

Answer. कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं तब वह हर समय कंचो के बारे में ही सोचता रहता हैं | कंचे का जार उसे आसमान जितना बड़ा होता दिखाई दे था और वह भी उस जार में समा गया | उसे हरी लकीर वाले सफ़ेद गोल कंचे दिखाई दे रहे थे | क्लास में भी जब वह गया तो उसे सिर्फ कंचे ही याद रहे |

Page : 97 , Block Name : कहानी से

Q2. दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं, फिर हँसते हैं। कारण बताइए।

Answer. जब अप्पू पहली बार दुकान पर कंचे देखता है तो उन्हें छूने की कोशिश करता हैं | दुकानदार की नजरों में वह बच्चा है, उसे लगा वह जार गिरा देगा इसलिए वह चिढ़कर कहता है कि जो चाहिए वो बताओ मैं निकालकर दूँगा | अप्पू ने उस वक़्त कंचे नहीं ख़रीदे तो दुकानदार और परेशान हो गया | बाद में जब अप्पू उस दुकान पर वापस गया तो दुकानदार उसे देखकर हँसा तो अप्पू ने सोचा दुकानदार को पता था कि मैं कंचे खरीदने आऊंगा |

अप्पू ने जब कंचे की पोटली खोलकर उन्हें देखना चाहा तो सारे कंचे सड़क पर बिखर गए | अप्पू उन्हें उठाने में इतना व्यस्त हो गया कि कार उसके आगे आकर रुकी तब भी उसने नहीं देखा | ड्राइवर को उसे देखकर गुस्सा आया कि ये लड़का कर क्या रहा है ? जब ड्राइवर ने हॉर्न बजाया तो अप्पू ने उसकी तरफ देखा और कंचा उठाकर उसे दिखाते हुए हँसकर बोला - अच्छा है न ! ये देखकर ड्राइवर भी हँस पड़ा |

Page : 97 , Block Name : कहानी से

Q3. 'मास्टर जी की आवाज़ अब कम ऊँची थी। वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे।' 'मास्टर जी की आवाज़ धीमी क्यों हो गई होगी? लिखिए।

Answer. मास्टर जी पढ़ाते हुए बीच-बीच में मेज़ पर बेंत मारते हुए बच्चों को ध्यान आकर्षित करने के लिए ऊँची आवाज़ में पाठ समझा रहे थे | जब वे समझा रहे थे तब अप्पू अपनी ही कल्पना की दुनिया में व्यस्त था और मास्टरजी की आवाज़ भी धीरे-धीरे धीमी होती जा रही थी |

Page : 97 , Block Name : कहानी से

कहानी से आगे

Q1. कंचे, गिल्ली-डंडा, गेंदतड़ी(पिट्ठू) जैसे गली-मोहल्लों के कई ऐसे खेल हैं जो बच्चों में बहुत लोकप्रिय हैं | आपके इलाके में ऐसे कौन-कौन से खेल खेले जाते हैं? उनकी एक सूची बनाइए |

Answer. क्रिकेट, पतंगबाजी, फुटबॉल, बास्केटबॉल आदि खेल खेले जाते हैं |

Page : 97 , Block Name : कहानी से आगे

Q2. किसी एक खेल को खेले जाने की विधि को अपने शब्दों में लिखिए |

Answer. फुटबॉल - यह एक सामूहिक खेल है और इसे ग्यारह खिलाड़ियों के दो दलों के बीच खेला जाता हैं। फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिसमें बॉल को पैर से ठोकर मारकर खेला जाता हैं इसीलिए इसे फुटबॉल कहा जाता हैं | फुटबॉल को सामान्यत: एक आयताकार घास के मैदान पर खेला जाता है जिसके दोनों छोरों पर एक-एक गोल होता है। खिलाड़ियों द्वारा विरोधी दल के गोल में चालाकी से गेंद को डालना ही इस खेल का उद्देश्य है। खेल में गोलरक्षक ही एक मात्र ऐसा खिलाड़ी होता है जिसे गेंद को रोकने के लिए अपना हाथ इस्तेमाल करने की अनुमति होती है। दल के बाकी खिलाड़ी आमतौर पर गेंद को मारने के लिये अपने पैर का इस्तेमाल करते हैं| खेल की अवधि 90 मिनट होती है जिन्हें 45-45 मिनट के दो मध्यांतर में विभाजित कर खेला जाता हैं | जो दल खेल के अंत या समय समाप्ति तक ज्यादा गोल करता है, विजयी रहता है।

Page : 97 , Block Name : कहानी से आगे

अनुमान और कल्पना

Q1. जब मास्टर जी अप्पू से सवाल पूछते हैं तो वह कौन सी दुनिया में खोया हुआ था? क्या आपके साथ भी कभी ऐसा हुआ है कि आप किसी दिन क्लास में रहते हुए भी क्लास से गायब रहे हों | ऐसा क्यों हुआ और आप पर उस दिन क्या गुज़री? अपने अनुभव लिखिए |

Answer. जब मास्टर जी अप्पू से सवाल पूछते हैं तो वह अपने कंचों की कल्पना की दुनिया में खोया हुआ था | उसका ध्यान मास्टर जी द्वारा पढ़ाये जा रहे पाठ पर बिल्कुल भी नहीं था |

छात्र अपने अनुभव लिखे |

Page : 98 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2. आप कहानी को क्या शीर्षक देना चाहेंगे?

Answer. अप्पू की कल्पना और कंचे

Page : 98 , Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3. गुल्ली-डंडा और क्रिकेट में कुछ समानता है और कुछ अंतर | बताइए, कौन सी समानताएँ हैं और क्या-क्या अंतर हैं?

aglasem.com

Answer. गुल्ली-डंडा काफी प्रसिद्ध खेल है जिसे लकड़ी से खेला जाता है | गुल्ली को ज़मीन पर रखकर डंडे से किनारों पर मारते हैं जिससे गुल्ली हवा में उछलती है। गुल्ली को हवा में ही ज़मीन पर गिरने से पहले फिर डंडे से मारते हैं। जो खिलाड़ी सबसे ज्यादा दूर तक गुल्ली को पहुँचाता है वह विजयी होता है| यदि सामने खड़ा खिलाड़ी गुल्ली को हवा मे ही पकड़ लेता है तो खिलाड़ी हार जाता है| क्रिकेट भी लकड़ी के बल्ले से खेला जाता है | इसमें दो टीम रहती है, एक टीम का एक सदस्य बल्लेबाजी करता है और दूसरी टीम का सदस्य गेंदबाज़ी | जब बल्लेबाज़ गेंद को मरता है तो दूसरी टीम के सदस्य गेंद को पकड़ने की कोशिश करते हैं | इसमें ओवर निश्चित होते है, जो टीम ज्यादा अंक बनाती है वह विजयी होती हैं |

Page : 98 , Block Name : अनुमान और कल्पना

भाषा की बात

Q1. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित मुहावरे किन भावों को प्रकट करते हैं? इन भावों से जुड़े दो-दो मुहावरे बताइए और उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

• माँ ने दाँतों तले उँगली दबाई।

• सारी कक्षा साँस रोके हुए उसी तरफ़ देख रही है।

Answer.

दाँतों तले उँगली दबाना - आश्चर्यचकित होना

· हक्का-बक्का रह जाना - सर्कस में बच्चों के करतब देखकर सब हक्के-बक्के रह गए |

· अक्ल दंग रहना - राम की नई कार देखकर सबकी अक्ल दंग रह गयी |

साँस रोके हुए - डर जाना

· प्राण सूख जाना - चोर ने जब सामने पुलिस को देखा तो उसके प्राण सूख गए |

· दम साधे खड़े रहना - मास्टरजी को गुस्से में देखकर सब छात्र दम साध कर खड़े हो गए |

Page : 98 , Block Name : भाषा की बात

Q2. विशेषण कभी-कभी एक से अधिक शब्दों के भी होते हैं। नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित हिस्से क्रमशः रकम और कंचे के बारे में बताते हैं, इसलिए वे विशेषण हैं।

पहले कभी किसी ने इतनी बड़ी रकम से कंचे नहीं खरीदे।

बढ़िया सफ़ेद गोल कंचे

· इसी प्रकार के कुछ विशेषण नीचे दिए गए हैं इनका प्रयोग कर वाक्य बनाएँ-

ठंडी अँधेरी रात खट्टी-मीठी गोलियाँ



aglasem.com

ताज़ा स्वादिष्ट भोजन स्वच्छ रंगीन कपड़े

Answer.

ठंडी अँधेरी रात – हम जब घूमने गए तो ठंडी अँधेरी रात में हमारी कार ख़राब हो गयी |

खट्टी-मीठी गोलियाँ – बचपन में खट्टी-मीठी गोलियाँ बहुत अच्छी लगती थी |

ताज़ा स्वादिष्ट भोजन – माँ ने मेरे लिए ताज़ा स्वादिष्ट भोजन बनाया हैं |

स्वच्छ रंगीन कपड़े - सप्ताह में एक दिन हमें स्कूल में स्वच्छ रंगीन कपड़े पहनने की छूट हैं |

Page : 98 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com